<u>बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न</u>

1. विदेशों में भ्रष्टाचार संबंधी अधिनियम (Foreign Corrupt Practices Act) और यूके का घूसखोरी संबंधी अधिनियम (UK Bribery Act) क्या है, और वे रीगल (Regal) पर कैसे लागू होते हैं?

A: विदेशों में भ्रष्टाचार संबंधी अधिनियम ("FCPA") ऐसा कानून है, जिसे अमेरिकी कांग्रेस ने विदेशी अधिकारियों को प्रभावित करने के इरादे से की जाने वाली घूसखोरी को दंडित करने के लिए सन् 1977 में पारित किया था। यह बही-खातों और रिकार्डों का प्रयोग भ्रष्ट भुगतानों को छिपाए जाने के लिए किया जाना भी निषेधित करता है। इनका उल्लंघन आपराधिक और नागरिक कानूनों में निर्धारित सजाओं से दंडनीय है जो Regal और उसके कर्मचारियों दोनों पर लागू हो सकती हैं। यूके का घूसखोरी संबंधी अधिनियम सन् 2010 में पारित किया गया था और यह यूनाइटेड किंगडम का FCPA प्रतिरूप है। तब से यूके का घूसखोरी संबंधी अधिनियम वाणिज्यिक और सरकारी घूसखोरी, दोनों को अपने दायरे में शामिल करता है, और यूके में प्रचालन करने वाली किसी भी इकाई की कंपनियों पर लागू होता है (जैसे कि Regal प्रचालन करती है)।

2. क्या अमेरिका और यूके ही ऐसे देश हैं जो घूसखोरी और भ्रष्टाचार को निषेधित करते हैं?

उत्तर: **नहीं।** विश्व में कोई भी देश घूसखोरी या भ्रष्टाचार की अनुमति नहीं देता और बाध्यकारी कार्रवाई अन्य स्थानों पर भी की जाती है। **उदाहरण के तौर पर,** मेक्सिको का सार्वजनिक प्रबंधन में भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघीय अधिनियम (Mexico's Federal Law Against Corruption in Public Procurement) (*Ley Federal Anticorrupción en Contrataciones Públicas)*, जो जून 12, 2012 को प्रभावी हुआ था, कई मायनों में FCPA के समान है। यह मेक्सिको सरकार से सार्वजनिक संविदा की प्राप्ति में व्यावसायिक लाभ पाने या बनाए रखने के लिए पैसा या उपहार देने के लिए व्यक्तियों या कंपनियों को उत्तरदायी ठहराता है। इसके उल्लंघन का परिणाम कड़े प्रशासनिक प्रतिबंध हैं, जिनमें भारी आर्थिक दंड और संघीय खरीदारी संबंधी संविदाओं में भागीदारी का **एक दशक तक** निषेध शामिल है।

3. घूसखोरी विरोधी अनुपालन और भ्रष्टाचार संबंधी जोखिम कहां उपस्थित होते हैं?

उत्तर: **भ्रष्ट कार्यप्रथाएं हर देश में है।** यद्यपि <u>ट्रांसपैरेंसी इंटरनेशनल के करप्शन परसेप्शन इंडेक्स</u> (<u>Transparency International's Corruption Perception Index</u>) और हम मीडिया में जो देखते या सुनते हैं, के आधार पर कई देश अत्यधिक भ्रष्ट लग सकते हैं, पर घूसखोरी विरोधी (कानून) का अनुपालन न होना और भ्रष्ट गतिविधि किसी भी देश में हो सकती है, और होती ही है। तथ्य यह है कि, बाध्यकारी कार्रवाइयों ने उन देशों में व्यवसाय को प्रभावित किया है, जिनमें Regal व्यवसाय करता है, जैसे कि जर्मनी, आस्ट्रेलिया, कनाडा, अमेरिका और चीन। इस कारण से, हमें भ्रष्ट गतिविधियों और घूसखोरी के बारे में न केवल उन स्थानों पर, जिन्हें अत्यधिक जोखिम वाला बाजार या स्थान माना जाता है, बल्कि उन सभी अंतर्राष्ट्रीय स्थानों पर सतर्क रहना चाहिए, जहां हम व्यवसाय करते हैं।

4. यदि मैं एक विदेशी अधिकारी या व्यावसायिक व्यक्ति को छोटी सी घूस देता हूं, तो मैं निर्धारित समय सीमा में लक्ष्य पूरा कर सकता हूं, और इस तरह मैं तो काफी पैसा बचा लूंगा, या Regal को पैसा कमवा दूंगा। क्या मैं घूस दे सकता हूं?

उत्तर: नहीं। आप Regal का पैसा नहीं बचा रहे हैं। तथ्य यह है कि, गैर-कानूनी गतिविधि में आपकी भागीदारी से Regal को कई मिलियन डॉलर का नुकसान हो सकता है और प्रतिष्ठा की क्षति हो सकती है, एवं आप अपनी नौकरी गँवा सकते हैं। Regal प्रबंधन का दृष्टिकोण यह है कि यदि कोई "व्यावसायिक अवसर" किसी ऐसी गतिविधि से संबद्ध होता है या उसकी अपेक्षा करता है, जो FCPA और यूके घूसखोरी संबंधी अधिनियम या किसी अन्य लागू होने योग्य भ्रष्टाचार विरोधी कानून का उल्लंघन करता है, तो पहली बात यह है कि इस प्रकार के व्यावसायिक अवसर का अस्तित्व ही नहीं है, और इसलिए उसका अनुसरण भी नहीं किया जाना चाहिए।

5. क्या मैं उन देशों द्वारा अभियोजित किया जा सकता हूं, जहां मै न तो रहता हूं और न ही व्यवसाय करता हूं?

उत्तर: हां। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के भलीभांति स्थापित सिद्धांतों के तहत सरकारों का ऐसे किसी भी व्यक्ति पर न्यायाधिकार है – जिनमें कॉर्पोरेशन्स भी शामिल हैं – जो उनकी सीमाओं के अंदर व्यवसाय करता है, या जो ऐसे कार्य करता है जिनसे उस देश का वाणिज्य प्रभावित होता है। इसका मतलब यह है कि Regal की अनुपालन संबंधी अपेक्षाओं का उल्लंघन करने पर संभवतः अमेरिका और यूके के कानूनों का उल्लंघन हो सकता है, जिसमें आपराधिक कानूनों का संभावित उल्लंघन भी शामिल है। कई सरकारों ने प्रत्यर्पण संधियां कर रखी हैं और उनके पास उन व्यक्तियों पर अपने कानून लागू करने के अन्य उपाय भी हैं जो उन देशों की भौतिक सीमाओं में नहीं रहते, जिनमें उन व्यक्तियों को रोकने के लिए निर्दिष्ट निगरानी सूची भी शामिल है, जो उनकी सीमाओं के अंदर यात्रा करते हैं।

6. यदि कोई इकाई राज्य के स्वामित्व वाली SOE है, तो FCPA के अंतर्गत मुझे किससे संपर्क करते समय सतर्क रहना चाहिए?

उत्तर: यदि कोई इकाई राज्य के स्वामित्व वाला उद्यम ("SOE") है, तो FCPA (और अन्य भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों के) उद्देश्यों के लिए इकाई का प्रत्येक कर्मचारी, प्रशासकीय सहायक से लेकर मुख्य कार्यकारी अधिकारी तक "विदेश अधिकारी" या सार्वजनिक अधिकारी माने जा सकते हैं। यह समझ लें कि हो सकता है कि SOE के कर्मचारियों को स्थानीय कानूनों के अंतर्गत अधिकारी न माना जाए और वे स्वयं को विदेशी अधिकारी न मानें, इसके बावजूद FCPA और भ्रष्टाचार विरोधी कानून के अंतर्गत उन्हें दायरे में शामिल "अधिकारी" माना जाएगा। यदि आप ऐसी कोई भी चीज जानें जो आपके मन में संदेह उत्पन्न करे, या किसी भी कारण से आप विश्वास करते हों कि आप जिस व्यक्ति से संपर्क कर रहे हैं, वह SOE का कर्मचारी है, तो मार्गदर्शन के लिए नैतिकता और अनुपालन कार्यालय (Ethics & Compliance Office) से संपर्क करें।

7. एक विदेशी अधिकारी ने सुझाव दिया है कि वह परमिट स्वीकृत करने से पहले Regal के प्रचालनों का निरीक्षण करने के लिए वहां का दौरा (विजिट) करना चाहेगा। क्या हमें उस यात्रा के लिए भुगतान करने की अनुमति है?

उत्तर: यह स्थितियों पर निर्भर है। FCPA के अंतर्गत, इस प्रकार की अच्छी नियत से की जाने वाली यात्रा के लिए किसी विदेशी अधिकारी हेतु भुगतान करने की अनुमति है। लेकिन इस संबंध में अत्यधिक सावधानी बरती जानी चाहिए कि व्यय का भुगतान किस तरह और कितना किया जाता है। जब इस प्रकार का दौरा संबद्ध हो, तो Regal को यथासंभव, सभी भुगतान एयरलाइन और होटल को सीधे करने चाहिए, भुगतान के लिए किए जा सकने वाले व्यय की मात्रा पर अंकुश लगाना चाहिए और इस संबंध में आश्वासन प्राप्त करना चाहिए कि विदेशी सरकार यात्रा के बारे में अवगत है। बाहर किए जाने वाले मनोरंजन की मात्रा भी सख्ती से सीमित रखी जानी चाहिए और उसे यात्रा के उद्देश्य से संबंधित

यह दस्तावेज नियंत्रित है और इसे इलेक्ट्रॉनिक विधि से जारी किया गया है। Regal corporate website (http://investors.regalbeloit.com/phoenix.zhtml?c=116222&p=irol-govanticorruption) पर पोस्ट किया गया इंग्लिश संस्करण सबसे अद्यतिद दस्तावेज है। मुद्रित प्रतियां या इलेक्ट्रॉनिक विधि से अन्य स्थानों पर स्टोर की गई प्रतियां पुरानी (व्यवहार में न आने वाली) हो सकती है।

होना चाहिए। इस प्रकार की कोई भी यात्रा और अनुरोध नैतिकता एवं अनुपालन समिति, एवं संभव हो तो कंपनी के उपाध्यक्ष एवं महाधिवक्ता और सचिव से अनिवार्य रूप से पूर्वानुमोदित होनी चाहिए।

8. यदि हम किसी अनुबंध को केवल नवीकृत कर रहे हों, तो क्या वितरक व्यावसायिक भागीदार संबद्धता और पुनर्संबद्धता प्रक्रिया के अधीन हैं?

उत्तर: हां। वितरक Regal के उत्पाद अन्य लोगों को बेचते हैं और इस प्रकार बाहर हमारा प्रतिनिधित्व करते हैं। अतः, जब हम वितरक को संबद्ध करते हैं, या उसके साथ अपने संबंध को नवीकृत करते हैं, तब केवल हमारे लिए व्यावसायिक भागीदार कार्यविधियों का अनुसरण करना और हमारे द्वारा उस प्रक्रिया को नैतिकता एवं अनुपालन कार्यालय के साथ पूरा किए जाने को निश्चित करना आवश्यक है।

9. हम डिजाइन कार्य में सहायता के लिए इंजीनियरों के साथ संविदा करते हैं। क्या उन्हें संबद्ध करने से पहले हमें नैतिकता एवं अनुपालन समिति से संपर्क करना पड़ेगा?

उत्तर: नहीं। सामान्यतः डिज़ाइन, रूपांतरण या ऐसे ही अन्य क्षेत्रों में कार्य करने वाले इंजीनियर्स और स्वतंत्र ठेकेदार वास्तव में आंतरिक संसाधन होते हैं और वे बाहर की दुनिया में कंपनी का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। उनकी स्क्रीनिंग वर्तमान मानव संसाधन नीतियों और कार्यविधियों के अंतर्गत किए जाने की आवश्यकता है। **लेकिन**, यदि हम उस व्यक्ति से किसी ग्राहक के साथ कार्य करने के लिए या किसी परियोजना के अंतः प्रयोक्ता के साथ पारस्परिक संपर्क करने के लिए कहते हैं तो वह व्यावसायिक भागीदार कार्यविधियों के दायरे में आएगा/आएगी।

10. हमारी ट्रैवल एजेंसी के बारे में क्या स्थिति है? या हमारे कस्टम्स दलाल के बारे में क्या होना चाहिए?

उत्तर: यदि ट्रैवल एजेंसी वितरकों, प्रतिनिधियों, ग्राहकों, सरकारी अधिकारियों या Regal से असंबंधित अन्य व्यक्तियों की बुकिंग की व्यवस्था करती है, तो हां, यह व्यावसायिक भागीदार संबंधी कार्यविधियों के अधीन होगी, जिसके लिए Regal के नैतिकता और अनुपालन कार्यालय को संबद्ध किए जाने की आवश्यकता होती है, क्योंकि यह Regal का प्रतिनिधित्व बाहरी दुनिया में कर रही है। कस्टम्स दलाल कंपनी की ओर से सरकार से अनिवार्य रूप से संपर्क करेंगे और इसलिए वे हमेशा इन कार्यविधियों के अधीन होंगे (साथ ही वैश्विक व्यापार अनुपालन की लागू अपेक्षाओं के भी अधीन होंगे।)

11. मुझे प्रश्नों या चिंताओं के संदर्भ में किससे संपर्क करना चाहिए?

उत्तर: भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों और हमारी Regal की अपेक्षाओं से संबंधित प्रश्नों के लिए विधि विभाग सर्वश्रेष्ठ विकल्प है। यदि आप ऐसी कोई भी चीज जानते हैं, जो आपके मन में घूस दिए जाने, या उसकी अपेक्षा किए जाने का संदेह उत्पन्न करती है, या आपके पास यह विश्वास करने का कोई कारण है कि आप जिस व्यक्ति से संपर्क कर रहे हैं, वह भ्रष्ट या धोखाधड़ी वाले तरीके से कार्य कर रहा है, तो और दिशानिर्देश प्राप्त करने के लिए विधि विभाग (Legal Department) से (legal@regalbeloit.com) पर या मुख्यालय पर स्थित नैतिकता और अनुपालन कार्यालय से (Ethics & Compliance office) से (integrity@regalbeloit.com) पर संपर्क करें।

यह दस्तावेज नियंत्रित है और इसे इलेक्ट्रॉनिक विधि से जारी किया गया है। Regal corporate website (http://investors.regalbeloit.com/phoenix.zhtml?c=116222&p=irol-govanticorruption) पर पोस्ट किया गया इंग्लिश संस्करण सबसे अद्यतित दस्तावेज है। मुद्रित प्रतियां या इलेक्ट्रॉनिक विधि से अन्य स्थानों पर स्टोर की गई प्रतियां पुरानी (व्यवहार में न आने वाली) हो सकती है।

<u>अतिरिक्त सार्वजनिक सूचना स्रोत।</u> सार्वजनिक रूप से उपलब्ध संसाधन भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों और अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के बारे में अतिरिक्त सूचना उपलब्ध कराते हैं। एजेंसियों की वेबसाइट्स बदलती रहती हैं और दस्तावेज समय-समय पर अद्यतित किए जाते हैं या हटाए जाते हैं। इसलिए संभव है कि कुछ सूचीबद्ध संसाधन उपलब्ध न हों या किसी अन्य स्थान पर हों।

काउंसल ऑफ यूरोप कनवेंशन ऑन करप्शन (Council of Europe Convention on Corruption) (जनवरी 1999, 15 भाषाएं)
http://conventions.coe.int/treaty/en/treaties/html/173.htm

ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनोमिक को-आपरेशन एंड डिवलपमेंट (Organization for Economic Cooperation and Development) (OECD) एंटी-ब्राइबरी कनवेंशन (Anti-Bribery Convention)
अगस्त 2014 को, OECD के 34 सदस्यों और कई गैर सदस्य देशों ने इस समझौते को स्वीकार किया। अनधिकृत अनुवाद, अरबी, चीनी और स्पैनिश में भी उपलब्ध हैं।
इंग्लिश - http://www.oecd.org/daf/anti-bribery/ConvCombatBribery_ENG.pdf
फ्रेंच - http://www.oecd.org/fr/daf/anti-corruption/ConvCombatBribery_FR.pdf

(यूनाइटेड किंगडम) यूके घूसखोरी अधिनियम 2010 http://www.legislation.gov.uk/ukpga/2010/23/contents

अमेरिका का न्याय विभाग (DOJ) धोखाधड़ी संबंधी विभाग FCPA वेबपेज
http://www.justice.gov/criminal/fraud/fcpa/

विदेशों में भ्रष्टाचार संबंधी अधिनियम (50 भाषाओं में अनधिकृत अनुवाद उपलब्ध हैं)
http://www.justice.gov/criminal/fraud/fcpa/statutes/regulations.html

विधि सलाहकार:	डेविड साइमन, फोली व लार्डनर (David Simon, Foley & Lardner)	
अनुमोदक:	☐ जोखिम एवं अनुपालन समिति ✓ GC	दस्तावेज स्टोरेज सूचना: 2014-00120: 0000005834
भाषाएं:	वही जो भ्रष्टाचार विरोधी नीति में है – वैश्विक (100.102)	
संशोधित इतिहास/तिथि पूरा किया हुआ:	6: अद्यतित संस्करण और प्रभावी तिथि 5: हटाया गया, लिंक्स चेक किए गए 4: प्रश्न संशोधित किए गए, परिवर्तित प्रारूप और नंबरिंग, पूर्व में वैश्विक भ्रष्टाचार विरोधी नीति का परिशिष्ट 1 3: अनुवादित और मामूली बदलाव नया	2015-जून-17 2014-सितंबर-01 2012-अगस्त-24 जुलाई 2011

यह दस्तावेज नियंत्रित है और इसे इलेक्ट्रॉनिक विधि से जारी किया गया है। Regal corporate website (http://investors.regalbeloit.com/phoenix.zhtml?c=116222&p=irol-govanticorruption) पर पोस्ट किया गया इंग्लिश संस्करण सबसे अद्यतित दस्तावेज है। मुद्रित प्रतियां या इलेक्ट्रॉनिक विधि से अन्य स्थानों पर स्टोर की गई प्रतियां पुरानी (व्यवहार में न आने वाली) हो सकती है।